वर्ष:- 05
अंक:- 340
मुरादाबाद
(Sunday)
05 April 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## पश्चिम एशिया संकट पर बोले PM: खाड़ी देशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध, दुश्मनी चाहती है कांग्रेस

## पीएम मोदी ने केरल में भरी सियासी हुंकार, कहा- कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल रैली में कहा कि राज्य में बदलाव का माहौल है और नौ अप्रैल के मतदान के बाद एनडीए सरकार बनेगी। उन्होंने केरल की संभावनाओं का जिक्र करते हुए एलडीएफ और यूडीएफ पर विकास की अनदेखी का आरोप लगाया। पीएम ने बुनियादी ढांचे और फंड को लेकर सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमारे केरलम को ईश्वर ने अपार संसाधन और संभावनाएं दी हैं। यहां समंदर में ब्लू इकोनॉमी के असीम अवसर हैं। यहां उद्योगों के लिए संभावनाएं हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, लेकिन केरल बाकी राज्यों से लगातार पीछे होता जा रहा है।%पीएम मोदी ने आगे कहा कि राज्य में इस बार माहौल बदल चुका है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को मतदान के बाद 4 मई को एनडीए सरकार बनने जा रही है। उन्होंने महिलाओं के समर्थन को अपनी ताकत बताते हुए कहा कि राज्यभर में एनडीए के पक्ष में माहौल दिख रहा है। उन्होंने उम्मीदवार अनुप को समर्पित और मेहनती बताते हुए जनता से समर्थन की अपील की। रैली के दौरान उन्होंने सबरीमाला और भगवान अयप्पा का भी उल्लेख किया गया और इसे सांस्कृतिक जुड़ाव से जोड़ा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने यह भी बोले कि केरल के लोगों को कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत है। 1प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत केरल के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की थी। इस दौरान 5000 शक्ति केंद्रों से 1.25 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुड़े। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का एक ही संदेश था कि केरल की जनता अब एलडीएफ सरकार को हटाने का मन बना चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और लेफ्ट सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल राजनीतिक द्वेष में खाड़ी देशों को भड़काने वाले बयान दे रही है, जिससे वहां रह रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इसके साथ ही उन्होंने सबरीमाला मंदिर में हुए कथित भ्रष्टाचार के तार कांग्रेस आलाकमान से जुड़े होने की बात कही।केरल में चुनावी बिगुल बज चुका है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सूबे के तिरुवल्ला में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर प्रहार किए। पीएम ने कांग्रेस पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ चुनावी फायदे और मुझे गाली देने के लिए एक करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार है।कांग्रेस चाहती है कि खाड़ी देश भारत को अपना दुश्मन समझें- प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा बेहद खतरनाक है। वे चाहते हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके।कांग्रेस चाहती है कि खाड़ी देश भारत को अपना दुश्मन समझें- प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा बेहद खतरनाक है। वे चाहते हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके।प्रधानमंत्री ने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि मैं कांग्रेस और एलडीएफ-यूडीएफ के लोगों से साफ कह देना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह है और चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के जो लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।प्रधानमंत्री ने केरल की संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर भी विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का सीधा निशाना केरल की महान संस्कृति और आस्था पर है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों ने सबरीमाला तीर्थ को बदनाम करने की साजिश रची और अब यह इनकी लूट का अड्डा बन गया है।पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि सबरीमाला में जो कुछ भी हुआ वह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह चोरी एलडीएफ सरकार में हुई और इसके तार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से जुड़े पाए गए हैं। यही वजह है कि एलडीएफ सरकार इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप रही है। थियों का स्वभाव- पीएम मोदी- प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर चीज में झूठ बोलना इनका स्वभाव बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम सीएए लेकर आए, तब इन्होंने खूब झूठ फैलाया। आज कानून लागू हो चुका है और देश का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने द केरल फाइल्स और कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों का उदाहरण देते हुए कहा कि सच सामने आते ही विपक्ष इसे झूठ का पुलिंदा बताने लगता है। आजकल ये लोग यूसीसी को लेकर भी ऐसा ही भ्रम फैला रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं पर क्या बोले पीएम मोदी?- कहा कि रैली में आने के दौरान पूरे रास्ते लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। वाम दल जहां मानव श्रृंखला की बात करते हैं, वहीं केरल की जनता ने एनडीए के समर्थन में मानव दीवार खड़ी कर दी है। प्रधानमंत्री ने एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सरकारों ने इस क्षेत्र की लंबे समय तक अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि यहां की सड़कें खराब हालत में हैं, वर्षों से नए पुल नहीं बने हैं और मेडिकल कॉलेज की स्थिति भी चिंताजनक है। बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण लोगों की जीवन गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ा है।केरल के फंड पर क्या बोले प्रधानमंत्री?- उन्होंने कहा कि जब एलडीएफ और यूडीएफ केंद्र में सत्ता में थे, तब केरल को कम फंड मिलता था। लेकिन मोदी सरकार में राज्य को पांच गुना ज्यादा फंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों में, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय रहता है, वहां एनडीए की सरकारें बनी हैं और विकास कार्य हुए हैं। गोवा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि केरल में एनडीए सरकार बनेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और मछुआरों समेत स्थानीय समुदायों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### राघव चड्ढा को उपनेता पद से क्यों हटाया गया, AAP में अंदरूनी घमासान; सांसद संजय सिंह ने दिया स्पष्ट जवाब

आगरा में जनसभा के दौरान संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल और बेहतर सुविधाओं के लिए आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की अपील की।प्रदेश नफरत की आग में जल रहा है। प्रधानमंत्री यूपी आते हैं तो उन्हें गांव-गांव कब्रिस्तान दिखाई देते है। भाजपा को रोजगार, शिक्षा, अस्पताल, स्कूल, सड़क बनाने की चिंता नहीं, गांव-गांव श्मशान बनाने की चिंता है। प्रदेश के लोगों को यदि शांतिपूर्ण माहौल चाहिए तो आप की सरकार बनाएं। ये बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक से रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के शुभारंभ के बाद किदवई पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा भाजपा का दूसरा नाम भारतीय झगड़ा पार्टी है। इनकी नीति है झगड़ा कराओ राज करो। धर्म और जाति के नाम पर लड़ाओ। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों को समय से खाद तक नहीं मिल रही है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश में नफरत फैलाने के लिए लोगों की कपड़ों से पहचान हो जाती है।यूएई, कतर, बहरीन और अन्य मुस्लिम देशों से सारी गैस और तेल आ रहा है। नफरती लोग इस गैस से खाना न पकाएं।

## जगजीवन राम जयंती: अजय राय सबसे बड़ी ताकत से लड़ जाते हैं, मीरा कुमार बोलीं- गड़बड़ी न होती तो वह एमपी होत

जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर मीरा कुमार ने कहा कि अजय राय सबसे बड़ी ताकत से लड़ जाते हैं। गड़बड़ी न होती तो वह एमपी होते। राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम %बाबूजी% की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार शामिल हुईं। इस मौके पर दलित पूर्व सांसद और पूर्व विधायकों को सम्मानित किया। वक्ता के तौर पर प्रो. रतनलाल मौजूद रहे। इस मौके पर मीरा कुमार ने कहा कि अजय राय सबसे बड़ी ताकत से लड़ जाते हैं। टेक्नोलॉजी में गड़बड़ी न होती तो राय एमपी होते। ये मंच एक नया उद्घोष है। यह कांग्रेस की आत्मा है, विचारधारा है। विदेश में सामाजिक न्याय की जरूरत नहीं पड़ती- उन्होंने बाबूजी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके विचार को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## केरल में सियासी भूचाल: माकपा के बागी सुधाकरण ने राहुल गांधी संग साझा किया मंच, सीएम विजयन को बताया छोटा नेता



माकपा के कद्दावर बागी नेता जी सुधाकरण ने राहुल गांधी के साथ चुनावी मंच साझा कर सबको चौंका दिया है। सुधाकरण ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका राजनीतिक कद विजयन का मोहताज नहीं है। कांग्रेस समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतरे सुधाकरण ने आरोप लगाया कि पार्टी ने उनके शहीद भाई तक का साथ नहीं दिया।केरल की सियासत में इन दिनों वह हो रहा है जो फिल्मों में होता है! वामपंथ के सबसे मजबूत किलों में से एक अलप्पुझा में कुछ ऐसा हुआ है, जिसकी गूंज तिरुवनंतपुरम के सत्ता के गलियारों तक बहुत जोर से सुनाई दे रही है। दरअसल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआईएम) के कद्दावर नेता जी सुधाकरण ने बगावत की लाल झंडी उठा ली है। उन्होंने सीधे मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हालांकि, इसमें अब तक की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दशकों तक कम्युनिस्ट विचारधारा को जीने वाले सुधाकरण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मंच साझा किया। विजयन पर बरसे सुधाकरण- जी सुधाकरण ने कहा कि मैंने कम्युनिस्ट पार्टी में 63 साल गुजारे हैं। जब मैं 15 साल का था, तब पार्टी से जुड़ा था। मेरा अपना एक लंबा राजनीतिक इतिहास है। उन्होंने कहा कि 1967 के दौर में जब वह खुद जमीन पर काम कर रहे थे,

तब विजयन को त्रावणकोर और दक्षिण केरल में कोई जानता तक नहीं था। वह सिर्फ मालाबार के थालास्सेरी तक ही सीमित थे।

राहुल गांधी ने किया स्वागत- राहुल गांधी ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने मंच से सुधाकरण का गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल ने कहा कि आज वामपंथ अपनी विचारधारा खो चुका है और उसकी बुनियाद कमजोर हो गई है। यही वजह है कि सुधाकरण जैसे कद्दावर और सच्चे नेताओं को कांग्रेस और यूडीएफ के साथ आना पड़ रहा है। गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में माकपा ने सुधाकरण को किनारे कर दिया था, जिसके बाद से वह शांत बैठे थे। लेकिन इस बार चुनाव से ठीक पहले उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन यूडीएफ ने तुरंत उन्हें अपना समर्थन दे दिया, जिससे अलप्पुझा की लड़ाई अब बेहद रोमांचक हो गई है। भावुक होकर किया %शहीद% भाई को याद- सुधाकरण सिर्फ राजनीतिक हमले तक ही सीमित नहीं रहे। उन्होंने एक बेहद भावुक मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि विजयन के नेतृत्व वाली माकपा ने उनके शहीद भाई की कानूनी लड़ाई में भी परिवार का साथ नहीं दिया। उन्हें अपने भाई के लिए न्याय की लड़ाई अकेले अपने पैसों के दम पर लड़नी पड़ी।

## समान नागरिक संहिता: तल्ख हुए असदुद्दीन ओवैसी के तेवर, बोले- मुसलमानों पर थोपा जा रहा हिंदू कानून



असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यूसीसी के जरिए मुसलमानों पर जबरन हिंदू उत्तराधिकार और विवाह कानून थोपे जा रहे हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 21 और धार्मिक स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है। इसके साथ ही उन्होंने यूसीसी में लिव-इन रिलेशनशिप के प्रावधानों को लेकर भाजपा और आरएसएस की नैतिकता पर गंभीर सवाल उठाए हैं।देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर चल रही बहस के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि यूसीसी के बहाने सरकार मुसलमानों पर हिंदू उत्तराधिकार कानून थोपने की कोशिश कर रही है, जो संविधान के खिलाफ है। हैदराबाद के सांसद ने कहा कि भारतीय संविधान देश के हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की पूरी आजादी देता है। लेकिन यूसीसी के जरिए मुसलमानों के पर्सनल लॉ को खत्म कर उन पर दूसरे धर्म के कायदे-कानून लादे जा रहे हैं।%मुसलमानों पर हिंदू कानून क्यों?%- ओवैसी ने यूसीसी के ड्राफ्ट को लेकर कहा कि शादी, तलाक और विरासत को लेकर इस्लाम में अपने अलग नियम हैं। लेकिन सरकार जो यूसीसी ला रही है, उसमें तलाक के लिए व्यभिचार का सबूत मांगना, अदालती दखल और विशेष परिस्थितियां जैसी चीजें शामिल की गई हैं। ये सभी हिंदू धर्म और उनके कानूनों का हिस्सा हैं। इन्हें जबरन मुसलमानों पर क्यों थोपा जा रहा है?ओवैसी ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 यानी जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। ओवैसी के मुताबिक, मुसलमानों का अपना एक अलग विश्वास और उसूल हैं और इस तरह का कोई भी कानून निकाह जैसे पवित्र रिश्ते की गरिमा को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने दावा किया कि नए कानून में गुजारा भत्ता, एलिमनी और संपत्ति के बंटवारे के जो नियम रखे जा रहे हैं, वे पूरी तरह से हिंदू पर्सनल लॉ से प्रेरित हैं।लिव-इन रिलेशनशिप% पर भाजपा-आरएसएस को घेरा- यूसीसी कानून में लिव-इन रिलेशनशिप को अनिवार्य रूप से पंजीकृत करने के प्रावधान पर भी ओवैसी ने भाजपा और आरएसएस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जो संगठन भारतीय संस्कृति और संस्कारों की दुहाई देते नहीं थकते, वे अब लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देने पर चुप क्यों हैं? क्या है पूरा मामला?- बता दें कि देश में यूसीसी को लेकर काफी समय से घमासान मचा हुआ है। उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य बना जिसने इसे कानून के रूप में पास किया। सरकार का तर्क है कि यूसीसी से देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होगा, जिससे महिलाओं को बराबरी का हक मिलेगा और समाज में विसंगतियां दूर होंगी। वहीं, ओवैसी समेत कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों का कहना है कि भारत विविधताओं का देश है और यहां हर धर्म के लोगों को अपने पर्सनल लॉ के हिसाब से जीने का हक है। सरकार का यह कदम देश की अखंडता और धार्मिक स्वतंत्रता के ढांचे को चोट पहुंचाएगा।

## संपादकीय Editorial

# Shimla's Feet

Shimla is drifting away from its own feet. On the other hand, the question is what is developing in Shimla? VIP culture, the culture of a capital, or the attitude of a metropolis.

Our plan envisions a safe Shimla by advocating for sealed roads. Vehicles are everywhere, and the arrogant attitude is that a permit is all it takes, just a receipt. To pass through the capital's restricted roads, a receipt for five thousand rupees is required, and for field roads, a ten thousand rupee receipt is required.

Entering without paying, a ten thousand rupee fine is a great style. Walk with your eyes down. Anyway, we're preserving our dignity in the British mold. Sometimes we're walking, sometimes we're being led. Once, Shimla was on its own feet, and the city's heartbeat reflected a human-like city. Now, neither are the residents of Shimla, nor does the city retain its image. These sealed roads we're building, or protecting them from traffic, are merely a way of limiting a boundary.

We need to consider how far this city's feet should go, should they steer it or point the way forward. If we consider it a capital, then the path of development should welcome the people of the entire state, otherwise we will have to wash its feet by removing unnecessary crowds. The city's VIP-like nature dreams big through these narrow streets.

If the Secretariat building is in everyone's path, or a VIP building is blocking a traveler's journey home, who is deceiving whom? Those VIPs who rule these streets without permits, or the common citizens, have become far removed from Shimla's own kingship.

Shimla has many looks, but modernity is about to become a formidable one. This city, evoking the city's commerce, leisurely conversations over coffee, and life's still moments, embraces the power of offices in a relaxed posture.

Will this simple arrangement become a capital in the city's form, or do we want to live in this city under the influence of power? Needless to say, if Shimla's historical glory, mountainous surroundings, hill station heritage, and Himachal's vision are to be preserved, its development, heritage preservation, and future advocacy are essential.

Shimla now looks at itself with a heavy gaze, crumbling under the din of crowds and VIP vehicles.

Struggling under the brunt of the tourist season, development must be found in the city's practicality.

Establish a workers' town in Waknaghat, adjacent to Shimla, where the capital's work is housed.

If Shimla's three or four entry points become a solution to crowd control, then stopping vehicles coming from Bilaspur, Parwanoo, and Upper Shimla ten kilometers before the city, and transporting them further via ropeways, will also change the standards of Shimla's travel.

Governments have been making some efforts, but now the State Capital Development Area (SCR) (State Capital Region) needs to be developed.

In this context, the role of offices being sent out of Shimla will also be helpful, but all these actions should be carried out in a meaningful manner.

# Second Innings: Technology will bridge distances; how can we help our loved ones overcome hearing impairment?

Psychologist Neelkanth offered Vinay, who is struggling with his elderly father's hearing impairment, some advice. Vinay says, "My 85-year-old father lives with my brother. I call him every day. My brother says that because of his hearing loss, my father doesn't want to talk to anyone. How can I help him? The telephone is the best means of communication while living away from loved ones. I can understand the pain you feel when your father can't talk on the phone due to poor hearing. People form a deep bond with their parents, and despite being away due to studies and employment, their hearts often remain focused on them. As they age, the elderly face many problems. Hearing loss often occurs with advancing age. Additionally, people with hearing loss have a harder time distinguishing high-frequency sounds. I recommend visiting him in person to see if he needs an audiometry test. An audiometry test is a painless, diagnostic procedure that measures how well the ears can hear or perceive frequencies and intensities. This test is performed to detect hearing loss, determine its type and severity. It's also called a "hearing test" or audiologic evaluation. You can easily perform these simple tests by sitting with him. Turn on the TV, adjust the volume switch, and see if your father can hear at low volumes, and if he can hear even when the volume is increased or decreased. Alternatively, drop a coin on the floor and see if he reacts immediately. This will give you a good idea of ??whether your father has a hearing problem. If so, you can get an audiometry test. Also, get a Speech Discrimination Score (SDS) test. Both of these tests should be done in conjunction with counseling to accurately determine the severity of the problem. There are many hearing aids available today. If he has hearing problems, these devices can be helpful, although they take some time to adjust to. They may feel a little uncomfortable at first, but gradually become easier once you get used to them. In the meantime, take advantage of technology and use Skype, FaceTime, or WhatsApp video calls to talk to your father, as seeing your lip movements can help him communicate better. My best wishes to you and your father!

# Politics and Policy: Mohan's Cabinet Reorganization Delayed Again

The cabinet expansion and reshuffle in Madhya Pradesh has been postponed for the time being. Despite CM Mohan Yadav's discussions, the decision will now be made after the elections in five states, possibly in May. Speculation is rife that new faces will be inducted and some ministers removed. The discussions surrounding the cabinet expansion and reshuffle in Madhya Pradesh, which have been ongoing for several days, have now come to a halt. Sources indicate that a decision will be made only after the ongoing assembly elections in five states. This means that the expansion has now been postponed until May. If the buzz in political circles is to be believed, Chief Minister Dr. Mohan Yadav wants to reshuffle his cabinet by removing some faces and inducting new ones. He has discussed this matter with the high command several times during his visits to Delhi, but each time, political reasons have prevented the cabinet reshuffle. It has now been learned that he has been told that this matter will be considered after the elections in five states. This is called the twist of time.



A few years ago, during the Datia Assembly elections, the then-MLA and BJP leader, then Home Minister Narottam Mishra, was troubled by court cases related to paid news. Consider the twist of time: his rival in the Assembly, Congress MLA Rajendra Bharti, is now facing a court decision. His membership is in jeopardy. The MLA-MP Court in Delhi has sentenced him to three years in prison in a 25-year-old FD corruption case. Following a sentence of more than two years, the Election Commission could order him to vacate his MLA seat. If elections are held, Narottam will undoubtedly be a strong contender; who knows, this could unlock the key to his destiny! Although Rajendra Bharti will appeal this decision in the High Court, it will be interesting to see what happens next in this matter. Why is the Collector Transfer List Stuck? For the past month and a half, discussions have been ongoing in political and administrative circles regarding the transfer of Collectors in the state. It was sometimes even said that the list would be released today or tomorrow, but that day has not yet arrived in the past month and a half. Now, it is being said that the list has been withheld due to the ongoing festivals and the end of the financial year. Meanwhile, sources say that the list has been delayed due to a lack of consensus at senior levels within the government regarding the names of the Collectors of the four major districts of the state: Gwalior, Bhopal, Sagar, and Indore. Political reasons are also being cited in some districts, which have prevented the list from being finalized. However, it has now been learned that the list is almost finalized, and if there are no further obstacles or new developments, it could be released on Saturday or Sunday. Aviation Ministry Director General Removed - Faiz Ahmed Kidwai, a 1996 batch IAS officer of the Madhya Pradesh cadre of the Indian Administrative Service, who had been serving as Director General in the Union Civil Aviation Ministry for the past one and a quarter years, has finally been removed by the government. The government has now appointed him to the less important post of Additional Secretary in the DoPT. Faiz Ahmed has been considered an efficient and result-oriented officer. It is being said that his removal was due to the ongoing problems and difficulties regarding air services in the country for the past several days. It will also be interesting to see where the government will post him when he is promoted to the Secretary level next year.

# Look back: Life's laboratory; only in old age does life's raw 'experience' transform into mature 'knowledge'.

Old age is the laboratory where life's raw 'experience' transforms into mature 'knowledge'. All the illusions of youth, which we believed to be true, reveal their true nature at this stage of life. I remember a period in my late teens when my mind was immersed in adventurous fantasies. I imagined that when I grew up, my life would be like this: I would go there, do this, discover that, love that, etc. I would live just like the characters in novels. Which novel was unclear, but it was certain that it would contain passion, risk, joy, and a little disappointment, until ultimately, joy would return. Gradually, time changed, and I changed too. As I reached my twenties, I realized that the 'adventurous child' within me had been lost somewhere. I stopped doing everything I'd dreamed of. Instead, I became engrossed in household chores, vacations, and a simple life, immersed in everyday tasks. Then I realized that time first stabilizes us and then forces us to reflect. We thought we were growing wiser, but in reality, we were only becoming timid. What we considered "responsibility" was actually a pretext to avoid danger. What we called "reality" was merely a way to escape from difficulties rather than face them. Gradually, even our strongest beliefs begin to waver, and the truth that once seemed unshakable begins to seem like a fantasy. This is where the importance of old age becomes clear. Old age is not just growing old, but the art of viewing life from a certain distance. As we reach the final stage of life, the hustle and bustle of life begins to calm down, and the true picture becomes clear. Old age is the laboratory where life's raw experience transforms into mature knowledge. All the illusions of youth, which we took for granted, reveal their true nature at this stage of life.



# आग में घिरे बेटे को बचाने के लिए कूद गई मां, बच नहीं सका मासूम, कासिफा की भी हालत गंभीर

मुरादाबाद के मझरा हसनगढ़ी गांव में छप्पर में लगी आग में दो साल के मासूम अफ्फान को बचाने के लिए मां कासिफा जलते शोलों में कूद गईं। वह बेटे को बाहर निकालने में तो सफल रहीं, लेकिन दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज की मौत हो गई। मां की हालत नाजुक ही कलेजा हो सकता है जो आग में बचाने के लिए उसमें कूद गई और दी। आग में बेटे के साथ मां भी गंभीर ममता और हिम्मत से वह बेटे को लेकिन उसकी जान न बचा समय मासूम ने रास्ते में दम तोड़ दिया दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और घटना रामगंगा के खादर क्षेत्र में बसे गांव के निवासी इरफान टीन शेड और के साथ रहते हैं। बृहस्पतिवार शाम काम से गए हुए थे।उनकी पत्नी उनका चार साल का बड़ा बेटा अरमान अफ्फान घर पर छप्पर के नीचे खेल वजह से छप्पर में आग लग गई। इस जानकारी अपनी मां को दी। वह दौड़ विकराल रूप ले चुकी





के दौरान रास्ते में अफ्फान बनी हुई है। यह एक मां का फंसे अपने मासूम बेटे को अपनी जान की बाजी लगा रूप से झुलस गई। अपनी आग से तो निकाल लाई सकी।इलाज को ले जाते जबकि मां गंभीर हालत में मौत के बीच जूझ रही है। गांव मझरा हसनगढ़ी की है। छप्परों के घर में पत्नी व बच्चों वह और परिवार के अन्य लोग कासिफा पड़ोस में गई थीं। और दो साल का छोटा बेटा रहे थे। तभी अचानक किसी पर अरमान ने भागकर इसकी कर आईं लेकिन तब तक आग थी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटों में घिरे मासूम बेटे अफ्फान को बचाने के लिए मां कासिफा आग के दहकते शोलों के बीच कूद गईं। इसी दौरान जल रहा छप्पर दोनों के ऊपर गिर गया। फिर भी कासिफा ने हिम्मत नहीं हारी और वह जैसे-तैसे मासूम बेटे को तो बाहर निकाल लाईं लेकिन इस दौरान दोनों बुरी तरह झुलस गए। इधर, तमाम ग्रामीण भी पहुंच गए। उन्होंने घंटों की मशक्कत के बाद आग को बुझाया। बुरी तरह झुलसे मां-बेटे को परिजन इलाज के लिए पहले कांठ और बाद में मुरादाबाद के कई अस्पतालों में ले गए। चिकित्सकों की सलाह पर दोनों को दिल्ली ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही अफ्फान ने दम तोड़ दिया। कुछ परिजन उसके शव को घर ले आए, तो बाकी ने कासिफा को दिल्ली ले जाकर भर्ती कराया। इरफान के चाचा अनीस ने बताया कि वहां कासिफा की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और वह जिंदगी मौत से जूझ रही है। क्षेत्र के गांव मझरा हसनगढ़ी में जहां इरफान रहते हैं, उसी परिसर में छप्परों की पशुशाला भी बनी हुई है। अज्ञात कारणों के चलते लगी आग ने घर के साथ ही पशुशाला के छप्परों को भी अपनी जद में ले लिया। इससे पशुशाला में बंधे पांच पशु भी आग से बुरी तरह झुलस गए। इनमें से एक भैंस और बकरी की मौत हो गई तो वहीं तीन कटिया और एक बकरी की हालत गंभीर है। इधर, आग से घर में रखी चारपाई, बिस्तर, अनाज, कपड़े, ईंधन, पशुओं का चारा व कुट्टी काटने की मोटर मशीन सहित अन्य घरेलू सामान भी जल गया। गांव मझरा हसनगढ़ी में आग से पोते की मौत और बहू के बुरी तरह से झुलसने की दर्दनाक घटना को बयां करते हुए इरफान के पिता सफीक और मां बब्बो की आंखें भर आईं। वृद्ध सफीक ने कांपते हुए स्वर में कहा कि उनका पोता अफ्फान उनसे बेहद लगाव रखता था तो उन्हें भी उससे बेइंतहा मोहब्बत थी। जब वह कहीं बाहर से आते थे तो वह दौड़कर उनसे लिपट जाता था। उसके मासूम चेहरे को वह जिंदगी भर भुला नहीं पाएंगे। सफीक बोले कि उनका बेटा इरफान मुफलिसी में जैसे-तैसे मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था लेकिन इस हादसे में वह पूरी तरह से बर्बाद हो गया। मझरा हसनगढ़ी में आग से दो साल के मासूम अफ्फान की दर्दनाक मौत और उसकी मां कासिफा के गंभीर रूप से झुलसने की सूचना पर शुक्रवार की शाम क्षेत्रीय विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर दुखी परिजनों के बीच पहुंचे और दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक ने हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कहा कि यह घटना बेहद दुखद और गंभीर है। उनके साथ सपा जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन आबिद हुसैन, डॉ. दानिश, अंजार चौधरी, मुजीब खान और अमजद अली आदि भी रहे।

# मुरादाबाद मंडल में छाए बादल, बूंदाबांदी के बीच गिरा तापमान, लोगों को गर्मी से राहत

## रात में झमाझम बारिश, सुबह से छाए रहे बादल, किसानों की बढ़ी धड़कनें

मुरादाबाद मंडल में बादल छाए रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसके साथ ही बीच-बीच में बूंदाबांदी भी जारी है। तेज हवाएं चलने के कारण अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मुरादाबाद मंडल में देर रात से ही तेज को भी देखने को मिला। सुबह से ही कई क्षेत्रों में लोगों को गर्मी से राहत मिली है।इससे पहले शुक्रवार बूंदाबांदी भी हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान होते मौसम का मिजाज और बदल गया और तेज कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई, लेकिन हवाओं के चलते रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज को न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच हालांकि अब मौसम में आए बदलाव के बाद तापमान विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में भी बनी हुई है। शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि गरज के रहे। आसमान में बादल देख किसानों के दिल की



हवाओं के साथ बूंदाबांदी जारी रही। इसका असर शनिवार बूंदाबांदी जारी है। इससे मौसम सुहावना होने के साथ को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि रात होते-हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई।तेज हवाओं के कारण बाद में व्यवस्था बहाल कर दी गई। वहीं, बारिश और की गई, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बृहस्पतिवार गया था, जिससे लोगों को गर्मी का अहसास हुआ था। में और गिरावट की संभावना जताई जा रही है। मौसम गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना साथ बारिश हुई। शनिवार सुबह से आसमान में बादल छाए धड़कन बढ़ी हुई है। बारिश से किसानों की पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर सकता है। मौसम वैज्ञानिक 5 अप्रैल तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जता रहे हैं। शुक्रवार की सापेक्ष शनिवार को अधिकतम तापमान 3 डिग्री लुढ़क कर 27 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है।रात हुई बारिश से सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया जिसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को आसमान में बादल देख किसानों के दिल की धड़कन बढ़ी हुई है। देर रात को हुई बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। खेतों में गेहूं, सरसों, मसूर और चने की फसल तैयार खड़ी है। दो-चार दिन में गेहूं की कटाई शुरू हो जाएगी। पकी-पकाई फसल पर बारिश होने से किसान की पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। अधिकांश किसानों ने बैंकों और महाजनों से कर्ज लेकर गेहूं की फसल तैयार की है। किसान मोहम्मद अहमद ने बताया कि इस वर्ष गेहूं की फसल अच्छी हुई है यदि पकी-पकाई फसल पर बारिश हो गई तो किसान की मेहनत बेकार चली जाएगी।5 अप्रैल को गरज चमक व तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम वर्षा की संभावना है। अचानक 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकता है। - डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ। एक नजर में मौसम- अधिकतम तापमान- 27 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान- 19 डिग्री सेल्सियसआर्द्रता- 41 प्रतिशत वायु वेग- 8 किमी. प्रतिघंटा

# सड़कों के गड्ढे बने जानलेवा, बेहतर व्यवस्था का दावा कागजों तक सीमित

गड्ढामुक्त सड़कें केवल कागजों में हैं। हाईवे को छोड़ दिया जाए तो शहर की अंदरूनी अधिकांश सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं। वाहन इसमें हिचकोले खाते हुए गुजर रहे हैं। जिससे हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक असंतुलित वाले ध्यान नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री का गड्ढामुक्त सड़कों प्रमुख सड़कों को छोड़ दिया जाए तो अंदरूनी यहां तक इसकी कार्यदायी संस्था नगर निगम, लोनिवि और उदासीन हैं। आशियाना फेज एक, दो, के अलावा रामगंगा साईं मंदिर वाली सड़कों में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। आसपास जिलों के नागरिक भी गुजरते हैं। दोपहिया, अधिकारियों की गाड़ियां गड्ढों में हिचकोले खाते हुए रही है। कई बार गड्ढों में वाहनों विशेषकर स्कूली बसें व संगठनों की आवाज भी अनसुनी की जा रही है। मंगूपुरा रोकथाम का अभियान दिखावा है। मंगूपुरा गांव में जगह-पर गंदा पानी बह रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि की दर के बजाय 80 रुपये प्रति घर वसूले जा रहे हैं। गया। शुक्रवार को गांव में मुख्य मार्गों से लेकर गलियों ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी कई दिनों तक कार्रवाई नहीं की गई। गंदगी और जलभराव के कारण प्रधान प्रेमचंद ने बताया कि सफाई कर्मचारी सफाई




होकर गिरने से चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन व्यवस्था बनाने का आदेश जिले में दम तोड़ रहा है। हाईवे के अलावा कुछ पॉश कॉलोनियों की सड़कें टूट कर गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। एमडीएम व अन्य की ओर से सड़कों की मरम्मत के प्रति विहार, खुशहालपुर, बुद्धि विहार, रामगंगा विहार में हाईस्ट्रीट व इन सड़कों से होकर प्रतिदिन स्थानीय नागरिकों के अलावा चार पहिया, एंबुलेंस, स्कूली वाहन ही नहीं सरकारी विभागों के गुजरती हैं लेकिन फिर भी इसको ठीक कराने की पहल नहीं हो वैन व एंबुलेंस के फंसने से जान पर बन आती है। नागरिक व में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, गंदगी से पटा गांव- संचारी रोगों की जगह कूड़ा का ढेर है और नालियों में कीचड़ भरा है और सड़क डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के नाम पर निर्धारित एक रुपये प्रतिदिन पहले यह शुल्क 30 रुपये था, जिसे बढ़ाकर 80 रुपये कर दिया में कूड़ा पसरा था। नाली का पानी सड़कों पर फैल रहा था। गांव में नहीं आते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई संचारी रोग फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। मंगूपुरा के ग्राम कर्मचारी शीशपाल एवं रवि 8-10 दिन से नहीं आ रहे हैं। कहीं और लगे हैं। शिकायत की है लेकिन उसके बाद भी अभी नहीं आए हैं। इसरार ने बताया कि सफाई कर्मचारी तो कभी-कभी आते हैं। गंदगी ज्यादा होने पर मच्छर बढ़ गए हैं। जिससे बीमारी का खतरा बना हुआ है। शहजाद खान के मुताबिक कई दिनों से कोई सफाई कर्मचारी यहां पर नहीं आया है। नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। सफाई व्यवस्था बिल्कुल ठप है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं को उनके सम्मान सुरक्षा वे सरकारी योजनाओं तथा हेल्प लाइन नंबरों के बारेमे जागरूक कराया गया

क्यूँ न लिखूँ सच /सिकंदर राजा / मुरादाबाद थाना मुगलपुरा मिशन शक्ति अभियान फेज अ- 5.0 के अंतर्गत चल रहे मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध महिलाओं व बालिकाओं के साथ गोष्ठी कर



सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकालीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए रूस्ज्ञ 02 थाना mughalpura जनपद मुरादाबाद

### रूस गए युवक की गोली लगने से मौत, परिजन बोले- लालच दे सेना में किया भर्ती, नौ माह पहले गया था शावेद

रामपुर के मंझरा फतेहगंज निवासी शावेद की रूस में गोली लगने से मौत हो गई। वह करीब नौ महीने पहले रोजगार के लिए विदेश गया था। परिजनों को आरोप है कि उसे सेना में भर्ती कर लिया गया था।रामपुर के मसवासी क्षेत्र के गांव भूबरा मुहस्तेकम के मंझरा फतेहगंज निवासी दूल्हे हसन के 22 वर्षीय पुत्र शावेद की रूस में गोली लगने



से मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि शावेद करीब नौ महीने पहले रोजगार के सिलसिले में रूस गया था।वहीं पर वह आर्मी में भर्ती हो गया था। बृहस्पतिवार को ड्यूटी के दौरान उसे गोली लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शावेद का शव शनिवार को बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। इसके चलते परिजन रात में ही दिल्ली रवाना हो गए हैं। परिवार का इकलौता सहारा था शावेद-शावेद अपने परिवार का मुख्य सहारा था। उसका एक भाई मानसिक रूप से पीड़ित है, ऐसे में घर की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोगों का कहना है कि शावेद मेहनती और मिलनसार युवक था, जिसने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए विदेश का रुख किया था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।रोजगार की तलाश में गया, आर्मी तक पहुंचा, लेकिन नहीं लौट सका जिंदा- शावेद घर की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए रूस स्टील फर्नीचर का काम करने गया था। दो महीने उसने स्टील फर्नीचर का काम किया। इस दौरान वह हॉस्टल में रहता था। बताते हैं कि हॉस्टल से आर्मी वाले उसे अपने साथ ले गए। इसके बाद उसने आर्मी जॉइन कर ली, लेकिन यह फैसला उसकी जिंदगी का आखिरी पड़ाव बन गया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। जिले में स्कूल चलो अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ शनिवार को गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मा0 जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से प्रसारित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क स्कूल बैग व पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं है और वर्तमान में विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बीएसए रोशनी सिंह ने शिक्षकों को लक्ष्य पूर्ण होने तक नामांकन अभियान जारी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश कुमार आर्य ने किया।





## स्कूल चलो अभियान एवं प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन. खिलाड़ियों और मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्कूल चलो अभियान के तहत शनिवार को जनपद बरेली में अर्बन हाट स्थित ऑडिटोरियम में प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से किए गए अभियान के शुभारंभ के सजीव प्रसारण के साथ हुई, जिसे बरेली में उपस्थित सभी अतिथियों ने देखा और सुना। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही प्रांतीय स्तर की ताइक्कांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हर्रुंगला विद्यालय के छात्र हर्षित को उनके अभिनव साइंस प्रोजेक्ट के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन एवं जागरूकता रैली को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल सिंह, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर उमेश गौतम एवं विधायक नवाबगंज एमपी आर्या सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर निदेशक बेसिक शिक्षा, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।





## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, शिकायतों के तुरंत निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। शनिवार को तहसील सदर स्थित सभागार में मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन की समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम तहसील दिवस रजिस्टर एवं उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालयों पर जनसुनवाई की लाइव मॉनिटरिंग पहले से की जा रही है और शीघ्र ही तहसील स्तर पर भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी। ऐसे में समाधान दिवस में समय से सभी अधिकारी उपस्थित रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मण्डलायुक्त ने आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि शिकायत के निस्तारण के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संपर्क कर उसकी संतुष्टि अवश्य सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और उन्हें जागरूक करने पर भी जोर दिया, ताकि लोग अपनी समस्याएं स्वयं लेकर आएं और किसी बिचौलिये का सहारा न लें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।








# अमरिया-जहानाबाद में अनाधिकृत बसों पर प्रशासन का बड़ा अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। अमरिया और जहानाबाद क्षेत्र में अनाधिकृत बसों के संचालन की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान की अगुवाई एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात विधिभूषण मौर्य और थाना अध्यक्ष अमरिया ने की। अभियान के दौरान सड़कों पर दौड़ रही और खड़ी बसों की प्रपत्रों की गहन जांच की गई। जांच में तीन बसें परमिट शर्तों का उल्लंघन करते पाए गए और कुछ बसें नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी पाईं। नियम तोड़ने वाली तीन बसों को थाना अमरिया में निरुद्ध किया गया और इनके खिलाफ क्रमशः 17,000, 17,000 और 18,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ भी चालान काटे गए। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले 10 दिनों में जनपद के विभिन्न मार्गों पर 17 बसों के खिलाफ चालान और सीज की कार्रवाई की जा चुकी है, जिससे 2,40,000 रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। प्रशासन ने वाहन स्वामियों और चालकों को चेतावनी दी है कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## मिशन शक्ति 5.0 के तहत साइक्लोथान मेगा इवेंट आयोजित, बेटियों को किया गया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती मोनिका राणा के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत शांति मौर्य कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल, जनपद बरेली में साइक्लोथान मेगा इवेंट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामपाल सिंह (पार्षद, वार्ड नंबर 59), डॉक्टर मधु गुप्ता एवं प्रधानाध्यापक श्रीमती महेश्वरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना कर किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं और किशोरियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी किशोरियों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत टी-शर्ट और कैप वितरित की गईं, जिससे उनमें जागरूकता और उत्साह देखने को मिला।महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी सैनी एवं केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के साथ-साथ टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 181, 112, 1098, 1090, 108 और 1076 के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान हरविंदर कौर, शारीन (जेंडर स्पेशलिस्ट), विद्यालय की छात्राएं एवं ग्राम की किशोरी महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।




# अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर प्रशासन का छापा, बिना पंजीकरण संचालित सेंटर किए सील

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिला अधिकारी अविनाश सिंह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह के दिशा निर्देशन में शुक्रवार को बरेली जिले के विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुंडरा कोठी स्थित मन्नत अल्ट्रासाउंड, जीवन ज्योति अल्ट्रासाउंड तथा रिछा क्षेत्र में हर्ष कला अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त बहेड़ी क्षेत्र में भी व्यापक जांच अभियान चलाते हुए ग्लोबल अल्ट्रासाउंड, हिंद अल्ट्रासाउंड, यूनिक अल्ट्रासाउंड, मैक्स अल्ट्रासाउंड, लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड, अरोरा अल्ट्रासाउंड, नियाजी अल्ट्रासाउंड एवं विद्या अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान हिंद अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सेंटर को सील कर दिया। संचालक को 3 दिन के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके विरुद्ध अभियोग दर्ज किया जाएगा। अन्य सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत पाए गए, हालांकि निरीक्षण के समय मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिले। प्रशासन ने सभी केंद्र संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या जनता के विश्वास से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण टीम में नोडल अधिकारी डॉ. लईक अहमद अंसारी, राहुल शर्मा, राजेश कुमार एवं विपिन कुमार आदि शामिल रहे।



## उपभोक्ताओं को भेजे जाएंगे मैसेज : नजरअंदाज किया तो, कटेगी बिजली

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। स्मार्ट बिजली मीटर उपभोक्ताओं को लेकर बड़ा अपडेट है। इन उपभोक्ताओं के मोबाइल पर बिजली विभाग मैसेज भेजगा। अगर मैसेज को नजर अंदाज किया तो बिना बताए आपकी बिजली काट दी जाएगी। इसके बाद फिर आपको विभाग के चक्कर लगाने होंगे। दरअसल प्रदेशभर में तेजी से स्मार्ट मीटरों को लगाया जा रहा है। विभाग बैलेंस होने, खत्म होने और निगेटिव बैलेंस होने पर मीटर सर्वर से कनेक्शन संग उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर पांच बार अलर्ट एसएमएस भेजता है। ,बरेली में अब तक डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं और एक साल के भीतर बाकी सात लाख परिसरों में लगे पुराने पोस्टपेड मीटरों को स्मार्ट मीटरों में बदल दिया जाएगा। नया कनेक्शन लेने पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर ही लगाया जा रहा है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि जब आपका पुराना पोस्टपेड मीटर स्मार्ट मीटर में बदला जाएगा तो वह पोस्टपेड स्मार्ट मीटर ही रहेगा। उसे मध्यांचल विद्युत वितरण निगम सर्वर से ही प्रीपेड कर देगा, लेकिन प्रीपेड करने से पहले उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस मिलेगा, जिसमें प्रीपेड होने की तारीख बताई जाएगी।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### कम लागत, ज्यादा मुनाफा: बकरी पालन योजना से गरीबों को मिल रहा रोजगार

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित बकरी पालन योजना गरीब, मजदूर, किसानों और महिलाओं के लिए रोजगार का प्रभावी माध्यम बन रही है। इस योजना के तहत कम निवेश में अधिक लाभ मिलने से बड़ी संख्या में लोग स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पशुधन विभाग की इस योजना में लाभार्थियों को 1 नर और 5 मादा बकरियों की एक इकाई दी जाती है, जिसकी कुल लागत 45,000 रुपये निर्धारित है। इसमें 90 प्रतिशत यानी 40,500 रुपये का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है, जबकि केवल 10 प्रतिशत राशि लाभार्थी को वहन करनी होती है। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी का उत्तर प्रदेश का निवासी होना, 18 वर्ष से अधिक आयु होना तथा बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त होना आवश्यक है। साथ ही बाड़ा/सेड और चारागाह की व्यवस्था भी अनिवार्य है। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए विशेष प्रावधान करते हुए 60,000 रुपये प्रति इकाई की योजना संचालित की जा रही है, जिसमें भी 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। प्रदेश में वर्ष 2025-26 में सैकड़ों लाभार्थियों को इस योजना से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है। इसके साथ ही बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा शुरू कर पशुधन की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास भी किया जा रहा है। बकरी पालन योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार बनकर उभर रही है और जरूरतमंदों के लिए आय का स्थायी स्रोत साबित हो रही है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायतें, 7 का मौके पर निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। तहसील सदर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ करें और आवश्यक होने पर स्वयं मौके पर जाकर जांच करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा निस्तारण की आख्या समय से पोर्टल पर अपलोड की जाए। राजस्व मामलों में आवश्यकतानुसार पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर ही निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर फोकस, एसपी ट्रैफिक ने किया बदलाव, 6 रूट प्लान से मिलेगा जाम से छुटकारा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर को जाम और बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए यातायात पुलिस ने एक प्रभावशाली कार्य योजना तैयार की है। आपको बताते चलें कि एसपी ट्रैफिक अकमल खान के नेतृत्व में बनाई गई नई योजना के तहत पूरे शहर को 6 प्रमुख रूटों में विभाजित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में ट्रैफिक को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक बनाना है। एसपी ट्रैफिक अकमल खान के निर्देशन में टीम ने कई दिनों तक शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और बाजारों का विस्तृत सर्वे किया। धार्मिक स्थलों और कार्यालयों के आसपास ट्रैफिक दबाव-इसी आधार पर नई रूट व्यवस्था बनाई गई है, जिससे ट्रैफिक का संतुलित वितरण सुनिश्चित हो सके। हर रूट पर सेक्टर प्रभारी और जोन इंचार्ज तैनात रहेंगे मोबाइल पेट्रोलिंग टीम की लगातार गश्त होगी प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं जाएंगे। जो भी ट्रैफिक उल्लंघन करता पाया गया तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी । एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने कहा कि भविष्य में जरूरत के अनुसार- वन-वे सिस्टम, नो एंट्री जोन डायवर्जन प्लान लागू किए जाएंगे। साथ ही साथ एसपी अकमल खां ने सभी नागरिकों से अपील की है कि ट्रैफिक के नियमों का पालन करें । सड़क पर वाहन न खड़ा करें हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करते हुए ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन अवश्य करें ।



## जिलाधिकारी ने गांधी स्टेडियम में तरूणताल ( स्विमिंग पूल ) के नए सत्र का विधि विधान से पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। ?पीलीभीत खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के



उद्देश्य से जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा आज गांधी स्टेडियम स्थित तरूणताल के नए सत्र का विधिवत पूजन कर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों और युवा खिलाड़ियों को बधाई देते हुए तैराकी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज से स्विमिंग पूल के नए सत्र की शुरुआत हो गई है। बच्चे और युवा इस खेल को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में एक तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिससे नई खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। ?उन्होंने कहा कि तैराकी एक अद्भुत कला है। इससे न केवल शारीरिक मजबूती आती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। यह सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतरीन व्यायाम है।। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को स्टेडियम भेजें और उन्हें तैराकी का प्रशिक्षण दिलाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पीलीभीत से तैराकी के क्षेत्र में बेहतरीन खिलाड़ी उभरकर सामने आएंगे। ?इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट, जिला क्रीड़ा अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्थानीय खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री से मिले कपिल अग्रवाल, जनसमस्याओं पर की चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल



अग्रवाल ने अपने पुत्र आयांश अग्रवाल के साथ केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से उनके दिल्ली स्थित कैंप कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान जनपद पीलीभीत की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। कपिल अग्रवाल ने अमरिया तहसील में गेहूं और धान के कम क्रय केंद्र होने से किसानों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया और केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की। इसके अलावा ग्राम टांडा विजैसी में रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से हो रही दिक्कतों को लेकर अंडरपास बनवाने की बात कही। उन्होंने अमरिया को नगर पंचायत का दर्जा देने, मझोला में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, मंडी समिति की स्थापना और पुलिस चौकी को मजबूत करने जैसे मुद्दे भी रखे। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# डीएम की अध्यक्षता में आंवला तहसील में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । तहसील आंवला स्थित सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए में प्रतिदिन सुबह 9ः45 से 12ः00 बजे तक अनिवार्य रूप एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हो, बल्कि शिकायतकर्ता भी उससे संतुष्ट नजर आए। साथ व्यवहार करने की भी हिदायत दी गई। समाधान दिवस के भूमि कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम रम्पुरा भूड़ किश्त बंद होने की समस्या रखी, जिस पर जिलाधिकारी के निर्देश दिए। वहीं, अलीनगर निवासी एक अन्य होने की शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारी को मौके पर उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, पुलिस नितिन कुमार, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।








कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों से बैठें और आमजन की शिकायतों का त्वरित शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिक न ही अधिकारियों को आमजन के साथ बेहतर दौरान ग्राम देवचरा के एक शिकायतकर्ता ने ने उपजिलाधिकारी आंवला को जांच कर के एक व्यक्ति ने किसान सम्मान निधि की ने जिला कृषि अधिकारी को तत्काल निस्तारण शिकायतकर्ता ने भी योजना की किश्तें बंद आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। इस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी परियोजना निदेशक चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनता की

## बंगाल में गरमाई सियासत: ममता बनर्जी का बड़ा आरोप, बोलीं- गुनहगारों को छोड़ बेकसूरों को निशाना बना रही एनआईए

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोथाबाड़ी हिंसा के असली आरोपी फरार हैं, लेकिन एनआईए मासूम स्थानीय लोगों को परेशान कर रही है। उन्होंने वोटर लिस्ट से भारी संख्या में नाम काटे जाने पर हैरानी जताई। पिछले दिनों यहां सात न्यायिक बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा जिले के मोथाबाड़ी में हुई ने कहा कि मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों का घेराव करने वाले पकड़कर उन्हें परेशान कर रही है।तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि दो गईं। अब एनआईए जांच के नाम पर हमारे स्थानीय युवाओं को प्रताड़ित दावा किया जा रहा है कि ममता बनर्जी का इशारा कथित तौर पर हैरानी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली में मौजूद भीड़ से यह भी मंच पर मौजूद अपनी पार्टी के स्थानीय नेताओं को कड़े निर्देश दिए। जरूरत नहीं है। मेरी पहली प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है। जिन



अधिकारियों को बंधक बनाया गया था, जिसकी जांच अब एनआईए कर रही है।पश्चिम हिंसा को लेकर केंद्र सरकार और एनआईए पर निशाना साधा है। बंगाल की मुख्यमंत्री असली गुनहगार तो भाग निकले हैं, लेकिन एनआईए अब बेकसूर स्थानीय लोगों को सांप्रदायिक पार्टियों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और वहां से फरार हो कर रही है। इस एजेंसी ने जांच के बहाने करीब 50 मासूम लोगों को उठा लिया है। आईएसएफ और एआईएमआईएम की तरफ था।वोटर लिस्ट से नाम हटने पर जताई पूछा कि कितने लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं? इसके बाद दीदी ने उन्होंने कहा कि अब हमारी पार्टी को यहां चुनावी रैलियां और बैठकें करने की कोई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटाए गए हैं, उनके नाम ट्रिब्यूनल में आवेदन करके वापस जुड़वाएं। ममता बनर्जी ने जनता से अपील की कि वे सीधे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय ट्रिब्यूनल के जरिए कानूनी रास्ता अपनाएं।भाजपा पर लगाया माहौल बिगाड़ने का आरोप- इतना ही नहीं, सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि आप किसी भी तरह के उकसावे में न आएं। भाजपा चाहती है कि यहां हिंसा भड़के, जिससे वह केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके हमारे लोगों को उठा सके, जैसा कि उन्होंने मोथाबाड़ी में किया है। क्या था पूरा मामला?-बताते चलें कि बुधवार को मालदा के मोथाबाड़ी इलाके में भारी हंगामा हुआ था। वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों की भीड़ अचानक हिंसक हो गई थी। इस भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को स्थानीय बीडीओ दफ्तर में और एक अन्य अधिकारी को उनकी गाड़ी में करीब 9 घंटे तक बंधक बनाए रखा था। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी हुई, सड़कें जाम की गईं और पुलिस पर भी हमला किया गया था। इस मामले में राज्य की सीआईडी ने अब तक 35 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद चुनाव आयोग ने इस पूरे मामले की जांच एनआईए को सौंप दी है

## महिला सहकर्मी की गंदी करतूत: घर बुलाकर शिक्षिका के साथ किया ऐसा कांड, बेडरूम में खुली आंख

साथी शिक्षिका के घर पर कोल्डड्रिंक पीते ही पीड़िता बेहोश हो गई। होश आया तो वह बेडरूम में थी। पीड़िता ने उस समय ध्यान नहीं दिया। बाद में साथी शिक्षिका ने आपत्तिजनक फोटो दिखाकर एक लाख रुपये मांगे। आरोपी आए दिन इसी तरह ब्लैकमेल कर रुपये लेते रहे। आगरा के थाना न्यू आगरा में एक सरकारी शिक्षिका ने दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिक्षिका के अनुसार उसके साथ प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने वाली शिक्षिका ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर अपने परिचित शिक्षक से दुष्कर्म कराया और उसके अश्लील फोटो खींच लिए। ब्लैकमेल कर कई बार रुपये लिए और शिक्षक फोटो वायरल करने की धमकी देकर शोषण करता रहा। विरोध करने पर परिजन को फोटो भेज दिए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। न्यू आगरा क्षेत्र की महिला ने बताया कि वह बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं। पहले उनकी तैनाती सीतापुर जिले में थी। पति की असमय मृत्यु के बाद परिजन के कहने पर आगरा स्थानांतरण करवा लिया। पहले वह वैन से पढ़ाने जाती थी। वैन में शिक्षिका सुजाता सोनी और अन्य भी जाते थे। 2019 में सुजाता कार ने कार ले ली और सभी कार से जाने लगे। 2022 में उन्होंने प्रतिकर अवकाश के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को प्रार्थनापत्र दिया था। उसका स्वीकृति पत्र सुजाता अपने घर आवास विकास ले गई। वह पत्र लेने उसके आवास पहुंची तो वहां सीतापुर के महौली तहसील के गांव कुतुबापुर निवासी संजीव रावत मिला। संजीव को वह पहले से जानती थीं क्योंकि वह भी शिक्षक है। इसके बाद सुजाता ने कोल्डड्रिंक पिलाई और वह बेहोश हो गईं। होश आया तो सुजाता के बेडरूम में थी। सुजाता ने अचानक तबियत खराब होने की जानकारी दी। उस समय उन्होंने ध्यान नहीं दिया। एक सप्ताह बाद सुजाता ने संजीव के साथ आपत्तिजनक फोटो दिखाकर एक लाख रुपये मांगे। आरोपी आए दिन इसी तरह ब्लैकमेल कर रुपये लेते रहे।

संजीव देर रात कॉल कर परेशान करता था। परिजन के समझाने पर उसने प्राथमिकी दर्ज कराई है। नींद की गोली खाकर किया आत्महत्या का प्रयास- पीड़िता ने बताया कि आरोपी संजीव के शोषण से परेशान होकर उसने नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन ने इलाज कराया और कारण पूछा तो उन्होंने जानकारी दी। परिजन ने संजीव रावत से बात की तो उसने शादी का प्रस्ताव दिया। जानकारी करने पर पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और कई परिवार की इकलौती महिलाओं को इसी तरह बातों में फंसाता है। इसके बाद परिजन ने शादी से मना कर दिया। रास्ते में रोक धमकाया- पीड़िता ने बताया कि आरोपी संजीव से बात नहीं करने पर सुजाता और संजीव ने 9 और 10 मार्च को कार से पीछा कर रास्ते में रोक धमकाया। आरोपियों ने उसके परिजन को अश्लील फोटो भेज दिए। आरोप है कि सुजाता के मोबाइल से ही संजीव लगातार उनके परिजन को संदेश भेजकर धमका रहा है। इसके कारण पूरा परिवार अवसाद में है। पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। विवेचना कर साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। आरोपियो की तलाश की जा रही है। -सय्यद अली अब्बास, डीसीपी सिटी

### संक्षिप्त समाचार

## एक साथ गूंजीं तीन किलकारियां , महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मिनी बाईपास रोड पर कर्मचारी नगर स्थित राधिका मैटरनिटी होम में गर्भवती महिला ने तीन स्वस्थ शिशुओं को जन्म दिया है। यह घटना चिकित्सा जगत में दुर्लभ मानी जाती है, क्योंकि ट्रिपलेट प्रेग्नेंसी 10000 गर्भधारण में से केवल एक में ही देखने को मिलती है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि हितेश पुजारा ने इस जटिल और चुनौतीपूर्ण डिलीवरी को सफलतापूर्वक कराया है। डॉक्टरों के अनुसार इस प्रकार की गर्भावस्था अक्सर प्रजनन उपचार (फर्टिलिटी ट्रीटमेंट) के परिणामस्वरूप होती है। कई मामलों में भ्रूणों का स्वत: विभाजन भी इसका कारण बन सकता है।

## खंभे से टकराई तेज रफतार बाइक, दोस्तों की हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। भमोरा क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल से टकरा गई। हादसे में



बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुआ। बताया गया कि दोनों युवक बरेली से बिशारतगंज जा रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही उनके परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक बिशारतगंज निवासी अमित (उम्र 20 वर्ष ) अपने दोस्त बदायूं के बिनावर निवासी रोहित शर्मा (25 वर्ष ) के साथ शुक्रवार को बरेली गया था। रात में दोनों दोस्त बाइक से बिशारतगंज लौट रहे थे। इसी दौरान रम्पुरा गांव पर बने रेलवे के अंडरपास को पार करते हुए उनकी बाइक अनियंत्रित होकर वहां लगे पोल से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लेकर जिला अस्पताल आई, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि अंडरपास के पास सड़क टूटी हुई है। आशंका है कि बाइक की रफ्तार तेज रही होगी, जिससे अंडरपास पार करते हुए अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। दोनों युवक हेलमेट नहीं लगाए थे। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## बरेली जंक्शन पर 86.8 करोड़ से कराए जाएंगे पांच विकास कार्य

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। केंद्रीय बजट के एक माह के बाद रेलवे ने पिंक बुक जारी कर दी है। बरेली के लिए 99.51 करोड़ रुपये के बजट का आवंटन किया गया है। इस बजट से इसी वित्तीय वर्ष में काम भी शुरू करा दिए जाएंगे। उत्तर रेलवे के बरेली जंक्शन पर 26-26 कोच की दो वॉशिंग लाइन प्रस्तावित थीं,
लेकिन अब यहां तीन वॉशिंग लाइन और दो सिक लाइन बनाई जाएंगी। इसके लिए 11.72 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। जंक्शन पर अब अत्याधुनिक एसी मेंटीनेंस शेड बनाया जाएगा। इसमें इलेक्ट्रिक क्रेन भी रहेगी। इसके लिए बजट में 13.82 करोड़ रुपये निर्धारित हैं।

## बदायूं के कई आरोपी, गैंग लीडर की संपत्ति पर भी हो सकती है कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सहारनपुर पुलिस ने अवैध शराब के सिंडिकेट से जुड़े बरेली के शराब कारोबारी भाइयों मनोज जायसवाल और नीरज जायसवाल की चार अचल संपत्तियों को शुक्रवार को कुर्क कर दिया। जांच के दौरान पता चला था कि दोनों भाई शराब फैक्टरी के एमडी प्रणय अनेजा समेत 27 लोगों के साथ मिलकर अवैध रूप से अतिरिक्त देसी शराब बनाकर प्रदेश भर में सप्लाई करते थे।
इन पर 11 महीने में 35 करोड़ की एक्साइज ड्यूटी चोरी करने का भी आरोप है। सहारनपुर और बरेली पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मुनादी कराई और संपत्ति खरीद-फरोख्त पर रोक के बोर्ड लगा दिए। इस मामले में मनोज और नीरज जायसवाल, प्रणय अनेजा समेत अन्य आरोपियों ने गिरफ्तारी पर स्टे ले रखा है। सहारनपुर पुलिस ने इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एस. मार्डन पब्लिक स्कूल में अंक पत्र वितरण समारोह, परमवीर बने टॉपर




क्यूँ न लिखूँ सच / मटेरा बाजार स्थित डी.एस. मार्डन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा अंक पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करन वीर एवं भाजपा जिला मंत्री आलोक जिन्दल उपस्थित रहे। साथ ही अमरजीत सिंह, मालचंद अग्रवाल एवं अवधेश अग्रवाल सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात विद्यालय प्रशासन द्वारा वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अंक पत्र एवं सम्मान पत्र वितरित किए गए।

इस वर्ष कक्षा 5 के छात्र परमवीर (पुत्र महेन्द्र पाल सिंह) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परमवीर की इस उपलब्धि पर मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन ने उसे सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्य अतिथि बृजेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और ऐसे आयोजन छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम करने की सलाह दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर अभिभावक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पंखा ठीक करते समय युवक को बिच्छू ने डसा, हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती में थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना के मजरा ऐठा निवासी मनोज कुमार (20) पुत्र बाबादीन को पंखा ठीक करते समय उसमें बैठे बिच्छू ने डस लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में मनोज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर ले जाया गया। वहां तैनात डॉक्टर खुर्शीद खान द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचाने के कारण स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है, हालांकि युवक को निगरानी में रखा गया है। परिजनों ने बताया कि मनोज घर में खराब पंखे को ठीक कर रहा था, तभी उसमें छिपे बिच्छू ने उसे काट लिया। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि इस तरह के मामलों में लापरवाही न बरतें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर उपचार कराएं।



# नैनीताल हाइवे पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी कार, एक की मौत, दो घायल

नैनीताल हाईवे पर जीरो पॉइंट के पास तेज रफ्तार कार आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। जिसके चलते कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि महिला समेत चालक घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। अल्मोड़ा उत्तराखंड के गांव सैनार निवासी प्रमोद सिंह पत्नी नंदिनी के साथ दिल्ली से टैक्सी में सवार होकर वापस अल्मोड़ा जा रहे थे। इस दौरान शनिवार की सवेरे तड़के साढ़े चार बजे जीरो पॉइंट के पास टैक्सी आगे चल रही ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना के बाद टैक्सी चालक विजय मिश्रा तथा दंपति में चीख-पुकार मच गई। साथ ही मौके पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। दुर्घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक आकिल हुसैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने लोगों की मदद से कार फंसे लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकालकर उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल प्रमोद सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर मृतक के परिजनों के सीएचसी पहुंचने पर चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। साथ ही क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। कहा कि अभी कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर आने पर ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# अमोला पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 15 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार, 3 लाख की मादक सामग्री जब्त



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिले के थाना अमोला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत अमोला थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला फॉरेस्ट नर्सरी मामौनी खुर्द के कच्चे रास्ते पर स्मैक बेचने के इरादे से खड़ी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां संदिग्ध महिला पुलिस को देखकर भागने लगी, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में महिला ने अपना नाम ममता लोधी (35 वर्ष), निवासी सिरसौद मजरा जामुनपुरा थाना अमोला, जिला शिवपुरी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस द्वारा मामले में अन्य सप्लायर और नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता, चौकी प्रभारी अंजली सिंह सहित पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# संचारी रोगों से बचाव अभियान: महादेवा में नालियों की साफ-सफाई

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही संचारी रोगों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जमुनहा ब्लॉक क्षेत्र में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना है। अभियान के तहत, गांव-गांव में सफाई कर्मियों को तैनात किया गया है। ये कर्मी नालियों और अन्य जल स्रोतों की नियमित रूप से साफ-सफाई कर रहे हैं। इसी क्रम में, महादेवा ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों ने विशेष रूप से नालियों की सफाई की। नालियों में जमा गंदगी को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुधारा गया, जिससे जलभराव की समस्या कम हो और मच्छरों के पनपने पर अंकुश लगाया जा सके। यह सफाई अभियान केवल नालियों तक सीमित नहीं है, बल्कि पोखरों और जलभराव वाले अन्य स्थानों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीणों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और गंदा पानी जमा न होने देने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, गर्मी के मौसम में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में, समय पर उठाए गए ये कदम जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



# सैफनी में ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार किसान की मौत, भाई घायल

सैफनी । सैफनी थाना क्षेत्र के खरसौल गांव में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दूध देकर जा रहे बाइक पर सवार एक भाई की मौत हो गई, दूसरा भाई घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचानक हुई मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के मधुपुरी गांव के डेरा निवासी 50 वर्षीय चौधरी गुरवेन्द्र सिंह उर्फ कुकू और उनका भाई गुरदीप सिंह (45) पुत्र गुरु प्रसाद पेशे से किसान हैं और घर में पशु पालन भी करते हैं। शनिवार की सुबह 10 बजे के समय दोनों भाई बाइक से सागरपुर गांव में डेयरी पर दूध देकर किसी काम से खरसौल गांव गए थे इस दौरान बाइक गुरवेन्द्र सिंह चला रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वह खरसौल गांव के बस स्टैंड पर पहुंचे तभी अचानक उनकी बाइक पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई।क्षेत्र के मधुपुरी गांव के डेरा निवासी 50 वर्षीय चौधरी गुरवेन्द्र सिंह उर्फ कुकू और उनका भाई गुरदीप सिंह (45) पुत्र गुरु प्रसाद पेशे से किसान हैं और घर में पशु पालन भी करते हैं। शनिवार की सुबह 10 बजे के समय दोनों भाई बाइक से सागरपुर गांव में डेयरी पर दूध देकर किसी काम से खरसौल गांव गए थे इस दौरान बाइक गुरवेन्द्र सिंह चला रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वह खरसौल गांव के बस स्टैंड पर पहुंचे तभी अचानक उनकी बाइक पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई।



## संक्षिप्त समाचार

# 62वीं वाहिनी एसएसबी, भिनगा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के नेतृत्व में वाहिनी चिकित्सालय भिनगा में संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।




इस दौरान वाहिनी के 15 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर पीयूष सिन्हा, उप कमांडेंट, गोवर्धन पुजारी, उप कमांडेंट, तथा डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमांडेंट उपस्थित रहीं। साथ ही ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय भिनगा से डॉ. वी. एन. वर्मा, डॉ. अभिनव पांडेय एवं डॉ. प्रियंका शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

कमांडेंट महोदय द्वारा रक्तदान करने वाले जवानों की सराहना करते हुए कहा गया कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है और इससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। सशस्त्र सीमा बल सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी इस प्रकार के जनहित कार्य करता रहेगा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बालिका की हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविन्द कुमार यादव / श्रावस्ती के नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र अंतर्गत कटरा इकौना बाईपास के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 7 वर्षीय आस्था पुत्री देशराज की मौत हो गई। कटरा बरई पुरवा निवासी देशराज जो पास में तालाब में भैंस को नहलाने जा रहे थे तभी उनके पीछे उनकी 7 वर्षीय पुत्री आस्था भी आ रही थी। इसी दरमियान किसी अज्ञात वाहन ने मासूम को ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजन जब सीएससी लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दी। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

# पुलिस के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, रंगदारी के रुपये व फर्जी दस्तावेज बरामद

थाना कटघर पुलिस ने रंगदारी वसूली के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खुद को पुलिस से जुड़ा बताकर मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर पीड़ित पक्ष से लाखों रुपये वसूल रहा थाशुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक कटघर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी थाने में दर्ज मुकदमे में दर्ज मोहम्मद फारूख का नाम निकलवाने और राहत दिलाने के नाम पर उसके परिजनों को डरा-धमका रहा था।इसी बहाने आरोपी इकराम कुरैशी ने पीड़ित के साले इरफान अंसारी से पुलिस के नाम पर कुल 1,69,999 रुपये वसूल लिए, जिसमें 1,14,999 रुपये खाते में और 55,000 रुपये नकद शामिल हैं।इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा तीन अप्रैल को थाना कटघर में तहरीर दी गई,


जिसके आधार पर आरोपी इकराम कुरैशी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने आरोपी इकराम कुरैशी को मैदा मिल कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से रंगदारी के 10,300 रुपये नकद, एक प्रेस कार्ड, दो आधार कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ,जहां से उसे जिला कारागार भेजा गया है।

# सभी तरह के मौके और मियाद खत्म, 15 दिन के अंदर हटाई जाएंगी केजीएमयू की मजारें

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) प्रशासन परिसर में मौजूद छह मजारों को अगले 15 दिन में हटाएगा। यह मामला काफी समय से विवादित है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) प्रशासन परिसर में मौजूद छह मजारों को अगले 15 दिन में हटाएगा। केजीएमयू प्रशासन के अनुसार इन मजारों को हटाने के लिए जारी की गई नोटिस की मियाद अब समाप्त हो चुकी है। अब प्रशासन को इसकी सूचना दे जाएगी और 15 दिन में मजार हटाने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन अपने स्तर से कार्रवाई करेगा। केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह के मुताबिक केजीएमयू प्रशासन ने परिसर में स्थित इन मजारों को हटाने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया था। नोटिस में मजारों को हटाने के लिए एक निश्चित समय-सीमा दी गई थी। दो नोटिस जारी करने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत संबंधित पक्षकारों को एक दिन का अतिरिक्त समय मजार हटाने के लिए दिया गया। इसमें सिर्फ एक मजार के प्रबंधक की ओर से पत्र प्राप्त हुआ, लेकिन संबंधित दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए गए। ये संरचनाएं परिसर के नियमों का उल्लंघन करती हैं। इन मजारों को हटाने का निर्णय परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। अगले 15 दिन के भीतर इन सभी मजारों को परिसर से हटा दिया जाएगा। केजीएमयू प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि अगले 15 दिन के भीतर सभी छह मजारों को परिसर से हटा दिया जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध से निपटने के लिए भी तैयारी की गई है। मजार हटने से परिसर में खाली जगह उपलब्ध होगी और व्यवस्था बेहतर होगी। इस निर्णय से परिसर में भविष्य के अनधिकृत निर्माणों पर भी रोक लगेगी। रमजान की वजह से टाली गई थी कार्रवाई- केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह के अनुसार रमजान की वजह से मजार हटाने से संबंधित कार्रवाई में ढील दी गई थी। रमजान का महीना बीतने के बाद अब दोबारा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले में हो चुका है काफी विवाद- केजीएमयू प्रशासन की ओर से मजार हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के बाद काफी विवाद हो चुका है।

# Sweat it out, lose weight! Try these 7 effective yoga poses this summer

Yoga poses like Surya Namaskar, Bhujangasana, Naukasana, Kapalabhati, and Dhanurasana are extremely effective for weight loss in the summer. They boost metabolism, burn calories, and keep the body fit. With the arrival of summer, we all want to look fit and slim, but going to the gym and doing heavy workouts in the scorching sun and humidity can be challenging. Did you know that without going to the gym, just 20-30 minutes of yoga in the cool of your home can melt stubborn belly fat like butter? Yoga not only makes your body flexible, but it also boosts your metabolism in the summer, accelerating weight loss. People often think yoga is just for relaxation, but poses like Surya Namaskar, Phalakasana, and Trikonasana directly work on your core and fat-burning cells. If you're looking for answers to how to lose weight this summer, learn about the top yoga poses and breathing exercises that will not only burn calories but also keep your body cool and energized in this scorching heat. Surya Namaskar - Surya Namaskar is a set of 12 asanas. Practicing it provides a full-body workout. Surya Namaskar burns calories rapidly. Do 10-15 rounds daily. Pawanmuktasana - Pawanmuktasana is considered the most effective yoga pose for relieving stomach gas and constipation. To perform it, first lie flat on your back. Now, slowly lift your knees toward your chest and grasp them with your hands. Inhale deeply and hold this position for 20-30 seconds. Exhale slowly and return your feet to the ground. This yoga pose helps reduce gas, indigestion, and constipation by gently pressuring the stomach and intestinal muscles. Regular practice strengthens the digestive system and reduces abdominal bloating. Bhujangasana - Bhujangasana is an effective yoga asana that strengthens the spine and abdominal muscles. To perform it, lie on your stomach, place your hands near your shoulders and rest your palms on the floor. Now slowly lift your upper body and tilt your head back. Hold your breath for a moment and feel the abdominal and spinal muscles stretch. Then slowly lower your body. Bhujangasana activates the abdominal muscles, improves digestion, and reduces back pain. Kapalabhati - Practicing Kapalabhati Pranayama provides many benefits to the body. It accelerates metabolism and aids weight loss. Naukasana - This asana is extremely effective for reducing stubborn belly fat. It strengthens the abs and core. Those with a protruding belly can practice Naukasana daily. Dhanurasana - This asana activates the entire back area and helps burn fat. To practice this, lie down on your stomach and bend your knees. Hold your ankles with your hands and lift your body like a bow. This reduces back fat rapidly. Dhanurasana improves the body shape and improves metabolism. Utkatasana - The name of this asana may seem simple, but its effect is profound. Practising Utkatasana strengthens the thighs and glutes. It provides support to the knees and reduces fatigue in the legs. To practice this, bend your knees and sit as if you are sitting on a chair. Keep your hands up during this.




# Drinking these drinks every morning during the summer season will keep you energized throughout the day.

If you want to stay energized even during the summer, drink one of these drinks first thing in the morning before leaving the house. It's common to feel tired and weak upon waking in the summer season. Consuming the right drinks at the right time helps maintain energy and hydrate the body throughout the day. Experts say that maintaining the body's essential minerals and water intake during the summer is crucial. Relying solely on cold water or tea and coffee can quickly deplete the body's energy. Some natural and homemade drinks not only cool the body but also boost metabolism. These drinks are also beneficial for digestion, skin, and the immune system. Drinking these drinks every morning during the summer season can help you stay refreshed and energetic throughout the day. Let's learn about them. Lemonade - Lemonade is one of the easiest and most beneficial drinks during the summer. It hydrates the body and is rich in vitamin C, which helps boost immunity. Drinking lemon water on an empty stomach in the morning also strengthens the digestive system and increases energy. Adding a little honey or salt can enhance its taste and health benefits. Tulsi water - Tulsi has antioxidant and anti-inflammatory properties. Tulsi water provides cooling relief in the summer heat, relieving headaches and colds. Drinking Tulsi water daily also reduces toxins in the body and improves blood circulation. Coconut water - Coconut water is rich in electrolytes. It provides instant energy and prevents dehydration. Drinking coconut water on an empty stomach in the summer keeps the body cool and reduces muscle fatigue. Ginger and honey water - Ginger and honey water helps improve digestion. It boosts metabolism. Drinking it first thing in the morning reduces stomach gas and indigestion. It also improves blood circulation. Cucumber and Mint Juice - Cucumber and mint juice cools the body. Due to its high water content, it maintains hydration. Regular consumption improves skin radiance and provides a refreshing feeling during the summer.



# Due to this disease, even turning over or coughing can cause bone fractures. Are you also at risk?

Our bones renew themselves every 10 years, but after the age of 30, bone density begins to decrease by 1% every year. Lack of adequate sunlight and low calcium levels can increase the risk of many serious diseases. Lifestyle and dietary imbalances have seriously affected our health, negatively impacting bone health. Consequently, joint pain, bone weakness, and many other problems are increasing among younger people. Many bone-related problems can be so dangerous that even sneezing, coughing, or turning over can increase the risk of fractures. Osteoporosis is one such serious problem, the risk of which is increasing. Health experts say that while it was previously believed that weakening bones were a sign of aging, now even younger people are becoming victims. What is osteoporosis, who is at higher risk, and how can you stay safe? Let's understand this in more detail. Osteoporosis and its risk - Health reports indicate that osteoporosis is a serious global health crisis, affecting more than 200 million people. Furthermore, it causes more than 9 million fractures each year. One in three women and one in five men over the age of 50 are at risk. Osteoporosis gradually weakens your bones, increasing your risk of bone fractures without your knowledge. If you are over 65 or have a family history of osteoporosis, the risk may be even higher. While osteoporosis is rare in people under 50, poor lifestyle habits increase the risk. The risk may increase in India - Health experts say that bones are living tissue, just like any other part of our body. Until about age 30, our bodies naturally create more bone than they lose. After age 35, the rate of bone loss increases slightly, but slows down compared to the rate at which the body replaces them. This causes bone density to gradually decrease. In countries like India, calcium and vitamin D deficiencies have become a common health problem. Consequently, the risk of bone problems and diseases like osteoporosis may increase. Why are bones weakening? - Health experts say that due to lack of outdoor activities and increased screen time among young people, the body does not receive adequate sunlight, which reduces vitamin D levels. Vitamin D is essential for calcium absorption in our bodies. Additionally, excessive consumption of junk food, soft drinks, and processed foods creates nutritional deficiencies in the body. Excessive salt and caffeine consumption also contribute to calcium deficiency. Many young people diet without consulting a specialist to lose weight, which deprives them of essential nutrients. Lack of regular exercise also increases the risk to bone health. Smoking and alcohol consumption, aging, hormonal changes, and genetic factors can also weaken bones. A 48-year-old woman in China broke a bone just by turning over in bed last year. Doctors say the woman suffered from a severe vitamin D deficiency, which weakened her bones. She had avoided the sun since childhood; she never wore short-sleeved shirts and always applied sunscreen before going out. This led to a severe vitamin D and calcium deficiency, leading to osteoporosis. Jiang Xiaobing, director of the Department of Orthopedic Spine Surgery at Guangzhou Medical University, said, "Many people cover themselves from head to toe to avoid the sun, which is detrimental to their health." It is important to avoid sunlight, but not so much that you give birth to new problems.



# Nilesh Mishra has ventured into film production, releasing the mini-feature film "Kood"; learn how it's unique.

Kood, renowned as a lyricist, writer, and storyteller, has now ventured into film production as well. His mini-feature film "Kood" was recently released. Learn how it's unique. As a lyricist, Mishra wrote the songs "Jaadu Hai Nasha Hai" and "Chalo Tumko Lekar Chale" for the Bollywood film "Jism," which are still loved by listeners. He also wrote songs for several popular films, including "Rog" and "Krishna Cottage." For a long time, he has hosted a talk show on YouTube. Now, he's also trying his hand at filmmaking. Through his mini-feature film "Kood," he brings a heartwarming story to audiences. Learn some highlights about this mini-feature film. What is the story of the mini-feature film "Kood"? The mini feature film "Kood" tells the story of two strangers who come to the same bridge at the same time to commit suicide. The film also includes two emotional songs that fill the story with emotions. This mini feature film has been released on Nilesh Mishra's YouTube channel. Nilesh Mishra and Ketki Kulkarni are seen in the lead roles in the film. The direction is also done by Nilesh Mishra. He is making mini feature films with this purpose - Through "Kood," Nilesh Mishra has started a different genre like cute films. The purpose of making mini feature films is that people can watch it completely in one go while going to office or traveling. Generally, in big cities, people take at least 50 minutes to go to office. During this time, they can watch a mini feature film.





# Disha Patani's sister came out in support of Raghav Chadha after he was removed from the AAP deputy leader post, saying, "You should form your own party."

The Aam Aadmi Party has removed MP Raghav Chadha from the position of deputy leader. Since then, Raghav has been in the headlines. Now, Disha Patani's sister, Khushboo Patani, has also reacted to the matter. Parineeti Chopra's husband and MP Raghav Chadha has been reprimanded. He has been removed from the position of deputy leader by the Aam Aadmi Party. Ashok Mittal will now replace him as the Aam Aadmi Party's deputy leader in the Rajya Sabha. The Aam Aadmi Party has also informed the Rajya Sabha Secretariat that Raghav Chadha should not be allotted time to speak in Parliament. Raghav shared a response video on Instagram. Responding to this, Raghav shared a video on his Instagram, captioning it, "I have been silenced, but I have not lost." My message to the common man.' Since then, Raghav has been in the news on social media. Many people have come out in support of Raghav Chadha after AAP's decision, as he has been speaking out in favor of the middle class in the House. Disha Patani's sister extends support - Amidst all this, actress Disha Patani's sister, Khushboo Patani, has also expressed her support. Commenting on Raghav's post, she wrote, "Raghav ji, you are an educated and mature leader. Our country desperately needs leaders like you. I am sure you will form your own party in the future. We all want to join you, because you want to move forward with the country. Jai Hind." Besides her, many others have come forward in support of Raghav. His post is also receiving a lot of love. As of this writing, his post has received 5.6 million likes.





# Rashmika Mandanna will represent India internationally and will attend this awards function in Tokyo.

Rashmika Mandanna, a popular South and Bollywood actress, is once again set to shine on the international stage. Having earned a name for herself in Bollywood and South with her stellar acting, she is now set to represent India internationally. She has appeared in superhit films like "Animal" and "Pushpa." Rashmika Mandanna will participate in the Global Anime Awards - Rashmika Mandanna is now preparing to represent India internationally. It is reported that she will be a presenter at this year's Global Anime Awards in Tokyo. This major event will be held on May 23rd in Tokyo, Japan. Notably, Rashmika has previously participated in this awards show in 2024, becoming the first Indian presenter to do so. Rashmika expressed her happiness - Rashmika herself shared this news on Instagram, expressing her joy. She wrote that she is very excited to once again visit Japan to celebrate this special occasion with talented people associated with anime. Platform for bringing together anime lovers - The Anime Awards is a major platform that brings together artists, creators, and anime lovers from around the world, where outstanding work is honored. Rashmika also has a special connection to anime and Japan. In 2024, her dream of visiting Japan for the first time came true, and she described this experience as one of the most special moments of her career. On the work front, Rashmika will be seen in "Ranbali" and "Cocktail 2." "Cocktail 2" will release in theaters on June 19, 2026. She will star alongside Shahid Kapoor and Kriti Sanon in the film. "Ranbali" is scheduled to release in theaters on September 11, 2026. In this, Rashmika will be seen with her husband Vijay Deverakonda.



